मनमानी | सरहरी उपार्जन केंद्र में नियम कायदों की उड़ाई जा रही धज्जियां, वारदाने के लिए सड़क पर उतरे अन्नदाता

# किसानों ने जबलपुर-अमरकंटक हाईवे किया जाम, मचा बवाल





**डिंडोरी, नवभारत 6 जनवरी।** जिले में धान खरीदी की जमीनी हकीकत जाननी हो तो जिला मुख्यालय से सटे लैंप्स कुकर्रामठ अंतर्गत सरहरी उपार्जन केंद्र की तस्वीर काफी है। यहां नियम-कायदों की ऐसी धज्जियां उड़ाई जा रही हैं कि अन्नदाता खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहा है।

दो दिनों से वारदाने की किल्लत झेल रहे किसानों का सब्र आखिरकार जवाब दे गया और गुस्साए किसानों ने जबलपुर-अमरकंटक हाइवे करीब आधे घंटे तक जाम कर दिया। देखते ही देखते सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। संयोग से मौके से गुजर रहे एसडीओपी डिंडोरी सतीश द्विवेदी ने हालात की नजाकत को भांपते हुए तत्काल मोर्चा संभाला। किसानों को समझाइश देकर जाम खुलवाया और फिर जिम्मेदारों को मौके पर ही जमकर फटकार लगाई, तब जाकर हालात काबू में आए।

### किसान बने मजदूर, व्यवस्था बेपर्दा

आक्रोशित किसानों का आरोप है कि सरहरी खरीदी केंद्र में वे सिर्फ किसान नहीं, बल्कि मजदूर और हम्माल भी वही बन रहे हैं। बोरी ढोने से लेकर तौल तक का सारा काम किसान और उनके परिवार करते दिखे। जब इस संबंध में केंद्र के जिम्मेदारों से सवाल किए गए तो दावा किया गया कि यहां 25 मजदूर तैनात हैं। लेकिन हकीकत यह रही कि पूरा केंद्र घुमाने के बाद बमुश्किल एक सजा-धजा व्यक्ति मिला, जिसे देखकर मजदूर होने का कोई अंदाजा नहीं लगा। रजिस्टर में जरूर 22 मजदूरों के नाम दर्ज मिले, लेकिन मौके पर एक भी नजर नहीं आया। सवाल साफ है, नाम कागजों में, मजदूर गायब!

### प्रति बोरी 200 ग्राम कटौती खुली लूट का आरोप

किसानों ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि तौल के नाम पर प्रति बोरी 200 ग्राम अतिरिक्त लिया जा रहा है। यह सीधे-सीधे किसानों की जेब पर डाका है। इस मुद्दे पर जब जिम्मेदारों से जवाब मांगा गया तो वे गोलमोल जवाब देकर बचते नजर आए। इतना ही नहीं, किसानों का यह भी आरोप है कि खरीदी केंद्र प्रभारी अपने चहेतों को पहले वारदाने उपलब्ध करा रहे हैं, जबकि बाकी किसानों को घंटों तक इंतजार करना पड़ रहा है। यही वजह है कि केंद्र पर अव्यवस्थाएं बेलगाम हो चुकी हैं।

### लक्ष्य 40 हजार, खरीदी 24 हजार पार

लैंप्स प्रबंधक के मुताबिक सरहरी खरीदी केंद्र को 40 हजार क्विंटल धान खरीदी का लक्ष्य मिला था। अब तक 24220.4 क्विंटल की खरीदी हो चुकी है और यह आंकड़ा 50 हजार क्विंटल तक पहुंच सकता है। वजह साफ है यहां किसानों को एक-दो दिन में भुगतान मिल रहा है, जिसके चलते आसपास के क्षेत्रों के किसान भी इसी केंद्र की ओर रुख कर रहे हैं।

### आखिर लूट की जिम्मदारी कौन लेगा?

सवाल यह है कि जब खरीदी बढ़ रही है, भुगतान हो रहा है, तो फिर वारदाने की किल्लत, मजदूरों की कमी और किसानों से हो रही कथित लूट की जिम्मेदारी कौन लेगा? फिलहाल सरहरी उपार्जन केंद्र की यह तस्वीर प्रशासन और व्यवस्था दोनों के लिए बड़ा सवाल खड़ा कर रही है कि क्या अन्नदाता की मेहनत यूं ही सड़क पर उतरकर इंसाफ मांगती रहेगी?

# सड़क मेंटेनेंस के नाम पर की जा रही है लीपा-पोती

मानपुर-ब्योहारी पहुंच मार्ग का मामला, एमपीआरडीसी विभाग की लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे ग्रामीण



**नवभारत उमरिया 6 जनवरी।** नगर परिषद मानपुर के बस स्टैंड से लेकर ब्योहारी पहुंच मार्ग एमपीआरडीसी विभाग द्वारा टेंडर कर उदित इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा बनाया गया था, जो कि अंडर गारंटी था। इसमें बेहद ही गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य किया गया था, जिसके चलते निर्धारित 5 वर्ष से पूर्व ही पूरी सड़क जगह-जगह से उखड़ गई और रोड पर बड़े बड़े गड्ढे बन गए है।

इसकी शिकायत स्थानीय लोगों द्वारा स्थानीय पत्रकारों से की गई। स्थानीय पत्रकारों ने एमपीआरडीसी के अधिकारियों से संपर्क कर वस्तुस्थिति अवगत कराई और खबर भी चलाई तथा मौखिक और लिखित शिकायत भी दर्ज कराई। इसके बावजूद जिम्मेदार विभागीय अफसर जागे और महीनों बाद जब उक्त सड़क पर मरम्मत का कार्य शुरू किया गया तो महज लीपा-पोती का काम किया जा रहा है। इस पर स्थानीय नागरिकों ने फिर से विरोध दर्ज कराया है और उक्त निर्माण कार्य को एस्टीमेट के अनुरूप सही तरीके से कराए जाने की मांग की है।

### 5 को रात में काम खत्म और 6 जनवरी को उखड़ने लगी सड़क

लोगों ने बताया कि उक्त मेंटेनेंस कार्य अचानक 5 जनवरी से शुरू कर दिया गया और रात में काम किया गया तथा रातों-रात भड़ारी नदी के पुल से उक्त आधी सड़क में मेंटेनेंस कर दिया गया, जो कि आज अल सुबह होते ही उखड़ने लगी। जब मौके पर जाकर हमारी टीम ने देखा तो सड़क मेंटेनेंस के उक्त कार्य में लगाए गए मटेरियल में डामर नाम की चीज मौजूद ही नहीं है।

### एमपीआरडीसी के अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

इस पर फिर से विभागीय अधिकारी एमपीआरडीसी के रीवा डिवीजन के अफसर विनोद तनुवे से संपर्क साधा गया तो उन्होंने मामले में सफाई देते हुए कहा कि लांट से लाते-लाते मटेरियल ठंडा हो गया होगा, जिससे उसमें उतनी पकड़ नहीं आ पाई। मैं दिखवाता हूं। उन्होंने अभी कार्यक्षेत्र से बाहर होने की बात कही और यह भी कहा कि मैं जब आऊंगा तो खुद से साइट विजिट करूंगा, लेकिन अफसर जब तक मानपुर साइट पहुंचेंगे तब तक तो यहां से काम करके ठेकेदार उदित इंफ्रा के लोग निकल चुके होंगे और फिर से वही ढाक के तीन पात यानी लोगों को उखड़ी हुई सड़क और गड्ढे ही नसीब होंगे।

## एक नजर में

### श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ जारी



**चिल्हारी नवभारत 6 जनवरी।** जिले के मानपुर जनपद अंतर्गत ग्राम मुगवानी में सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन हनुमान मंदिर प्रांगण में ग्रामीणों द्वारा किया गया है। श्रीमद्भागवत कथा के आयोज कर्ताओं द्वारा क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं को कथा श्रवण करने हेतु आमंत्रित किया गया है। कथा व्यास गोविन्द नारायण शुक्ला के मुखारबिन्द से ज्ञान रूपी गंगा बहाई जा रही है।

### 35 साल पहले बने मकान को गिराने की साजिश



**चिल्हारी नवभारत 6 जनवरी।** जिले के मानपुर जनपद अंतर्गत ग्राम कोटरी निवासी मल्लू पिता सहाई साहू उम्र लगभग 60 वर्ष ने नवभारत कार्यालय चिल्हारी में उपस्थित होकर बताया कि लगभग पैंतीस साल पहले शासकीय जमीन पर घर बनाकर अपने परिवार के साथ निवासरत हूं, किन्तु विगत दिनों मेरे पड़ोसी ग्राम के ही ब्राम्हण समाज के लोगों ने अपनी जमीन का सीमांकन कराया और पटवारी से साठ-गांठ कर मेरे घर को अपना बताते हुए घर को गिराने एवं मुझे एवं मेरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। उसने जिला प्रशासन उमरिया से अपील की है कि मेरी एवं मेरे परिवार की सुरक्षा करते हुए मेरे निवास को बचाया जाये।



### नगर परिषद का ताबड़तोड़ सफाई अभियान जारी

**शहपुरा नवभारत 6 जनवरी।** शहपुरा नगर में दूषित जलापूर्ति की आशंका के बीच नगर परिषद का ताबड़तोड़ सफाई व जांच अभियान में इंदौर में दूषित जलापूर्ति से फैली बीमारी और मौतों की घटनाओं के बाद प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। इसी कड़ी में नगर परिषद द्वारा शहर में व्यापक सफाई एवं जांच अभियान चलाया गया। नगर परिषद ने नाला-नालियों के भीतर से गुजर रही पेयजल पाइप लाइनों की स्थिति जांचने सभी वार्डों में विशेष अभियान शुरू किया। नगर परिषद अध्यक्ष शालनी अरुण अग्रवाल एवं सीएमओ रीना सिंह राठौर के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग और जल विभाग की संयुक्त टीमें मैदान में उतरीं। सफाई अमले ने नाला-नालियों में उतरकर पाइप लाइनों की गहन जांच की। अभियान का मुख्य उद्देश्य पाइप लाइन में लीकेज न हो, जिससे दूषित पानी की आशंका पैदा न हो सके।

**नहीं मिला पाइप लाइन में लीकेज**-जांच के दौरान नगर परिषद की टीमों को किसी भी स्थान पर पाइप लाइन में लीकेज नहीं मिला, जिससे प्रशासन ने राहत की सांस ली। साथ ही नालियों की नियमित सफाई कर स्वच्छता व्यवस्था को और मजबूत किया गया। नगर परिषद अधिकारियों ने बताया कि भविष्य में भी ऐसे निरीक्षण व सफाई अभियान लगातार जारी रहेंगे, ताकि नागरिकों को स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जा सके और किसी भी प्रकार की बीमारी को फैलने से रोका जा सके।



# अमरपुर की टीम तीसरी बार बनी विजेता

ऑल इंडिया ओपन वालीबॉल प्रतियोगिता

**अमरपुर नवभारत 6 जनवरी।** आदर्श क्लब नवयुवक मंडल भाखा विकासखंड अमरपुर के तत्वाधान में ग्राम भाखा माल में ऑल इंडिया ओपन एवं ग्रामीण स्तरीय चार दिवसीय वालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें जनपद पंचायत अमरपुर सहित जिले व अन्य जिलों की नामीग्रामी टीमों के अलावा अन्य राज्यों के लगभग 25 टीमों ने भाग लिया। ऑल इंडिया ओपन प्रतियोगिता में बेहतरीन खेल प्रदर्शन करते हुए अमरपुर टीम ने लगातार तीसरी बार विजेता बनने का गौरव हासिल किया।

विजेता टीम को 16 हजार रुपए नकद व ट्रॉफी, उपविजेता टीम रायपुर (छत्तीसगढ़) को 8 हजार रूपए नकद व ट्रॉफी एवं ग्रामीण स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम विजेता टीम विदयपुर को 20 हजार रुपए नकद व ट्रॉफी, उपविजेता टीम भाखा ए को 10 हजार रूपए नकद व ट्रॉफी एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने पर भाखा बी टीम को 5 हजार रुपए नकद व ट्रॉफी प्रदान की गई।


### अतिथियों ने बांटे पुरस्कार

प्रतियोगिता के समापन समारोह में ग्राम पंचायत सरपंच देवेन्द्र साण्डया, आयोजन समिति अध्यक्ष चंद्र सिंह उद्दे, उपसरपंच चंद्र बहादुर ठाकुर, सहायक सचिव हेमंत ठाकुर, आयोजन समिति उपाध्यक्ष तोप सिंह मरावी, सचिव मनीष गायकवाड, खेल सह संचालक नरेंद्र कुमार उद्दे, क्रीड़ा प्रभारी प्रीतम दास गायग्वाल, सफीक खान सहित अन्य अतिथियों ने टीमों को पुरस्कृत किया।

# कलेक्टर का नहीं माना आदेश, स्कूल में जड़ दिया ताला

अमरपुर विकासखंड अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला पिंडरुखी का मामला, शिक्षकों ने भी मनाई छुट्टी



**अमरपुर नवभारत 6 जनवरी।** डिंडोरी कलेक्टर अंजू पवन भदोरिया द्वारा शीतलहर के कारण छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए जिले के समस्त शासकीय, अशासकीय अनुदान प्राप्त, सीबीएसई केंद्रीय विद्यालयों, प्री प्राइमरी प्राथमिक विद्यालय में कक्षा नर्सरी से कक्षा पांचवी तक के बच्चों के लिए 5 और 6 जनवरी को अवकाश घोषित किया गया था।

आदेश में शिक्षकों को नियमित रूप से शाला में उपस्थित रहने के निर्देश जारी किए गए थे। इसमें उल्लेख किया गया था कि निरीक्षण के दौरान किसी भी संस्था प्रमुख द्वारा आदेश का पालन नहीं किया जाता है तो संस्था प्रमुख के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी, लेकिन कलेक्टर के आदेश का पालन शिक्षा विभाग के जिम्मेदारों द्वारा नहीं किया गया। और शीत लहर के चलते नर्सरी से लेकर पांचवी कक्षा तक के बच्चों की छुट्टी के साथ ही शिक्षा विभाग के जिम्मेदारों ने स्कूल में ताला जड़ खुद भी छुट्टी पर चल दिए।

### जिम्मेदार हो गए नौ दो ग्यारह

अमरपुर विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला पिंडरूखी मैं कलेक्टर डिंडोरी अंजू पवन भदोरिया के आदेश का पालन शासकीय प्राथमिक शाला पिंडरुखी में पदस्थ जिम्मेदारों के द्वारा नहीं किया गया। यहां समय से पहले ही स्कूल में ताला जड़ जिम्मेदार नौ दो ग्यारह हो गए, जबकि कलेक्टर डिंडोरी के स्पष्ट निर्देश रहे हैं कि शिक्षक नियमित रूप से शाला में उपस्थित रहेंगे, लेकिन प्राथमिक शाला में पदस्थ जिम्मेदारों द्वारा कलेक्टर डिंडोरी के आदेश की खुल्लेआम अवहेलना की गई। ग्रामीण सूत्रों ने बताया कि स्कूल का स्टाफ 2:00 बजे के बाद स्कूल में ताला लगाकर चला गया।

### हो सकती है कड़ी कार्रवाई

विभागीय सूत्रों की माने तो कलेक्टर के आदेश की अव्हेलना अगर शिक्षक द्वारा की जाती है तो यह एक गंभीर मामला है और इसके लिए शिक्षक के खिलाफ कड़ी कार्यवाही हो सकती है। विभागीय सूत्रों द्वारा बताया गया कि शिक्षक को तुरंत प्रभाव से निलंबित किया जा सकता है, तो वहीं विभागीय जांच शिक्षक के खिलाफ शुरू की जा सकती है। यदि मामला गंभीर है तो शिक्षक को बर्खास्त भी किया जा सकता है।

**इनका कहना है**

आपके द्वारा जानकारी उपलब्ध कराई गई है। जांच उपरांत नोटिस जारी कर जवाब तलब किया जाएगा।

**एसबी सिंह परस्ते, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, अमरपुर**

# मौके पर ही कई समस्याओं का किया निराकरण

शहपुरा एसडीएम की जनसुनवाई में आए 19 आवेदन



**शहपुरा नवभारत 6 जनवरी।** शहपुरा में अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) कार्यालय में मंगलवार को जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई की शहपुरा एसडीएम आईएएस ऐश्वर्य वर्मा ने की। इस दौरान विभिन्न गांवों से पहुंचे ग्रामीणों की समस्याएं गंभीरता से सुनी गईं। जनसुनवाई में कुल 19 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से कई आवेदनों का मौके पर ही त्वरित निराकरण कर दिया गया, जबकि शेष आवेदनों को संबंधित विभाग प्रमुखों को समय-सीमा में समाधान के निर्देश के साथ भेजा गया। एसडीएम ने बताया कि पिछली जनसुनवाई की तुलना में इस बार अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। जनसुनवाई के दौरान, सीएमओ रीना सिंह राठौर, बीईओ एमके राय, जेएसओ जयंत असराटी, प्रभारी वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी गुमान सिंह, उद्यानिकी अधिकारी मौसम मरकाम, जेई कमल सिंह उइके, एसडीओ नहर करण सिंह, एसडीओ बांध सीबी थौरे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। प्रशासन ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि सभी लंबित समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा।

# नगर परिषद ने कार्रवाई कर मेगा सेल में पॉलीथिन की जब्त



**डिंडौरी, नवभारत 6 जनवरी।** विगत दिवस नगर परिषद डिंडोरी द्वारा प्रतिबंधित पॉलीथिन के खिलाफ वार्ड क्रमांक 6 स्थित मेगा सेल में सख्त कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान कुल 17 किलोग्राम पॉलीथिन जब्त की गई और नियमों के उल्लंघन पर संबंधित के विरुद्ध 1900 रुपये का चालान किया गया।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी अमित तिवारी ने स्पष्ट किया कि पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से पॉलीथिन के उपयोग, भंडारण और बिक्री पर रोक है तथा आगे भी इस तरह की निरंतर और कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने व्यापारियों और आम नागरिकों से अपील की है कि वे प्रतिबंधित पॉलीथिन का उपयोग नहीं करें और स्वच्छ व पर्यावरण हितैषी विकल्पों को अपनाकर अभियान में सहयोग करें।



# आबकारी विभाग ने जब्त की अवैध शराब

**डिंडोरी, नवभारत 6 जनवरी।** जिले में अवैध मदिरा के विनिर्माण, संग्रहण, परिवहन व विक्रय की रोकथाम हेतु 5 जनवरी को आबकारी विभाग वृत्त डिंडोरी में अवैध शराब रखने व बिक्री संबंधी प्राप्त शिकायतों के आधार पर दबिश देकर अवैध शराब जब्त की।

कार्यवाही के दौरान आरोपी कृष्ण कुमार के टाइगर ढाबा से 104 पाव जीनियस रम, 24 पाव एमडी रम, 13 पाव एमडी व्हिस्की विदेशी मदिरा एक बिना नंबर की टाटा नैनो बरामद की। कमला बाई के मकान से 24 पाव जीनियस रम विदेशी मदिरा बरामद की गई। उक्त दोनों मामले में आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।

# समस्याओं का त्वरित हो निराकरण : कलेक्टर



साप्ताहिक जनसुनवाई में 44 आवेदनों पर हुई सुनवाई

**डिंडौरी ,नवभारत 6 जनवरी।** कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई आम नागरिकों के लिए उम्मीद और राहत का मंच बनकर सामने आई। जिले के विभिन्न विकासखंडों से आए लोगों ने अपनी समस्याएं खुलकर रखीं। जनसुनवाई में कुल 44 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से कई मामलों का मौके पर ही समाधान कराया गया। शेष आवेदनों पर समय-सीमा तय करते हुए संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

ग्राम करौंदा के निवासियों ने बताया कि उनके मोहल्ले में आज तक पक्की सड़क का निर्माण नहीं हुआ है। बारिश के दिनों में कीचड़ के कारण बच्चों का स्कूल जाना, बुजुर्गों व मरीजों का अस्पताल पहुंचना मुश्किल हो जाता है। ग्रामीणों ने शीघ्र सड़क निर्माण की मांग रखी। वहीं वार्ड क्रमांक 13, पुरानी डिंडौरी के नागरिकों ने वर्षों से मुख्य नाली की सफाई नहीं होने की शिकायत की।

**वनाधिकार, सिंचाई और सुरक्षा के मुद्दे भी उठे**-वन ग्राम दादर घुघरी के निवासियों ने वनाधिकार अधिनियम 2006 के तहत पात्र होने के बावजूद अब तक अधिकार पत्र नहीं मिलने की शिकायत की। सूची जारी होने के बाद भी वितरण नहीं होने पर उन्होंने नाराजगी जताई। जनपद पंचायत समनापुर अंतर्गत ग्राम पंचायत चांदरानी के किसानों ने नल-जल योजना के कार्य के दौरान ठेकेदार द्वारा अंडरग्राउंड सिंचाई पाइप लाइन तोड़ दिए जाने की शिकायत की। इससे सिंचाई बाधित हो गई है और गेहूं की फसल को नुकसान की आशंका बनी हुई है।

## 4 बंधक श्रमिकों की आर्थिक सहायता प्रदान



जिला टास्क फोर्स और सतर्कता समिति की बैठक आयोजित

**डिंडौरी।** मंगलवार को कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में जिला टास्क फोर्स समिति एवं जिला सतर्कता समिति की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में बंधक श्रम उन्मूलन एवं संबंधित अधिनियमों के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। बैठक में बंधक श्रम (उत्सादन) अधिनियम, 1976 के अंतर्गत विमुक्त कराए गए कुल 4 बंधक श्रमिकों को तात्कालिक राहत प्रदान की गई। इनमें गीता बाई, संगीता समरदैया, उमेश कुमार एवं लालू सिंह शामिल हैं। कलेक्टर के निर्देशानुसार सभी विमुक्त बंधक श्रमिकों को पृथक-पृथक 30,000 रुपये की तात्कालिक आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई।

**जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं**-कलेक्टर भदौरिया ने बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए कि बंधक श्रम, बाल श्रम एवं श्रमिकों के अधिकारों से संबंधित अधिनियमों की जानकारी आमजन तक प्रभावी रूप से पहुंचाई जाए। इसके लिए उन्होंने निर्णय लिया कि प्रत्येक शनिवार को संबंधित निकायों में आयोजित होने वाले लोक कल्याण शिविरों के माध्यम से इन अधिनियमों के बारे में जागरूकता दी जाए, ताकि कोई भी व्यक्ति शोषण का शिकार न हो और समय रहते प्रशासन तक अपनी बात पहुंचा सके।